भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
24.07.2019 के
अतारांकित प्रश्न सं. 5060 का उत्तर

कांकेर-भानुप्रतापपुर रेललाइन

5060. श्री मोहन मण्डावीः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बस्तर मंडल का कांकेर जिला छत्तीसगढ़ का नक्सल प्रभावित अनुसूचित जनजाति जिला है;
(ख) यदि हां, तो क्या इस जिले की कांकेर जिला मुख्यालय को रेललाइन के माध्यम से जोड़ने की लंबे समय की मांग अभी तक भानुप्रतापपुर तक ही पूरी हो पाई है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;
(घ) क्या सरकार भानुप्रतापपुर से कांकेर जिला मुख्यालय तक रेल लाइन बढ़ाने पर विचार कर रही है; और
(ङ) यदि हां, तो यह कब तक पूर्ण होने की संभावना है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) जी हां।

(ख) से (ङ) रेल परियोजनाएं जिला-वार स्वीकृत नहीं की जाती। ये परियोजनाएं परिचालनिक आवश्यकता, लास्ट माइल संपर्कता, वित्तीय अर्थक्षमता, परियोजना की लागत में भागीदारी के लिए राज्य सरकार की सहमति आदि सहित विभिन्न कारकों के आधार पर स्वीकृत की जाती है। रौघाट के रास्ते दल्लीराजहरा से जगदलपुर (235 कि.मी.) नई लाइन परियोजना प्रगति पर है। इसमें भानुप्रतापपुर शामिल है जो कांकेर जिले में पड़ता है। भानुप्रतापपुर के रास्ते दल्लीराजहरा से केओटी तक रेल लाइन का कार्य पहले ही पूरा कर लिया गया है। भानुप्रतापपुर को कांकेर से जोड़ने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

******

Sk